Title: Request to increase the honorarium for the Aganwadi workers working under the Integrated Child Development Scheme (ICDS) in Andaman and Nicobar Islands.

श्री विष्णु पद राय (अंडमान और निकोबार द्वीप समूह) : अध्यक्ष महोदय, अंडमान निकोबार में आई.सी.डी.एस. द्वारा 429 आंगनवाड़ी केन्द्र चलाये जा रहे हैं जिनमें कुल 429 आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ता और सहायक काम कर रहे हैं। यह बहुत ही दुख की बात है कि उनका औनरेरिअम बहुत कम है। उनमें नॉन मैट्रिक पढ़े हुए व्यक्ति को हर महीने 438 रुपये और मैट्रिक पढ़े हुए व्यक्ति को 563 रुपये मिलते हैं। इससे भी बुरी हालत आंगनवाड़ी हैल्पर्स की है जिन्हें केवल 260 रुपये महीने मिलते हैं। फिफ्थ पे कमीशन के बाद खासकर अंडमान निकोबार जैसे दूर-दराज के एरिया में हर चीज के दाम बढ़ चुके हैं।

और जो आंगनबाड़ी वर्कर्स काम कर रहे हैं, यह समाज के उस क्षेत्र से जुड़ा हुआ है, जो बच्चों का भविष्य तैयार कर रहा है, इसलिए हर आंगनबाड़ी वर्कर महीने में कम से कम 2200 रुपये ऑनरेरियम बढ़ाया जाये, साथ-साथ हैल्पर को भी कम से कम 2000 रुपये किया जाये, यह मैं सरकार से मांग कर रहा हूं।